हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 27 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

15 नीर योजना के तहत संबलपुर में रैली व सफाई अभियान



16 मां दुर्गा मंदिर में हवन अनुष्ठान से भक्तिमय हुआ वातावरण





नवरात्रि विशेष



## नवमीः सिद्धिदात्री

नवम नवरात्रि को देवी माता के मंडपों में सिद्धिदात्री देवी की आराधना होती है। सिद्धिदात्री मां दुर्गा का नौवां स्वरूप है। माता की यह शक्ति सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली है। मार्कंडेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लांघना, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व यह आठ सिद्धियां है।

ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है। सिद्धिदात्री को ही जगत को चलाने वाली देवी कहा गया है। देवी पुराण के अनुसार महादेव ने इनकी कृपा से ही सिद्धियां प्राप्त की थी। इन्ही के कृपा से सदाशिव का आधा शरीर देवी का हुआ है। यह भी कथा है कि मधु-कैटभ के वध के लिए महादेवी ने महामाया फैलाई और उसके अनेक रुप हो गए। भ्रमित दानवों ने पूछा कि देवी जब तुम अकेली हो तो इतनी सारी शक्तियां कौन है। तब देवी ने कहा कि सब मेरी शक्तियां हैं। मुझसे अलग कुछ नहीं है। इतना कहते देवी ने तमाम शक्तियां समेट ली और केवल सिद्धिदात्री मां ही रह गई। ऐसे ही समुद्र मंथन के समय सिद्धिदात्री देवी ने ही असुओं को भ्रम में डाला था। सिद्धिदात्री मां कमला ही धन-घान्य की प्रतीक हैं। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली है। कमल पुष्प इनका आसन है। देवी के दाहिने तरफ के नीचे वाले हाथ में चंद्र, उपर वाले हाथ में गदा और बांई तरफ के नीचे वाले हाथ में शंख और उपर वाले हाथ में कमल पुष्प है। जगत का कल्याण करने वाली यह देवी नवरात्री की अधिष्ठात्री भी है। सिद्धिदात्री मां के भक्तों की लौकिक-पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाएं पूर्ण होती हैं। सिद्धिदात्री माता का आराधना का मंत्र है-

सिद्धगंधर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

# दल्लीराजहरा में रेड आई का प्रकोप, अस्पतालों में बढ़ी भीड़, स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दल्लीराजहरा

गर्मियों की शुरुआत के साथ ही शहर में आंखों से जुड़ी संक्रामक बीमारी 'रेड आई' (कंजंक्टिवाइटिस) के मामलों में तेजी देखी जा रही है। स्थानीय अस्पतालों और नेत्र क्लीनिकों में मरीजों की बढ़ती संख्या ने स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ा दी है, वहीं समय रहते सतर्कता और जागरूकता को सबसे प्रभावी बताया जा रहा है।

दल्लीराजहरा शहर के प्रमुख नेत्र चिकित्सकों सौरभ जैन के अनुसार धूल, तेज गर्मी और पसीने के कारण आंखों में संक्रमण तेजी से फैल रहा है। आंखों में लाली, जलन, खुजली और पानी आने जैसे लक्षण आम हो गए हैं। विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया कि

### स्वास्थ्य अमले ने किया सतर्क, लापरवाही घातक होगा





यह संक्रमण संपर्क और हवा दोनों माध्यमों से फैल सकता है, इसलिए व्यक्तिगत स्वच्छता और सावधानी बेहद जरूरी है।

शहीद अस्पताल के डाक्टर शैबाल जाना ने स्थिति को देखते हुए विशेष व्यवस्था लागू कर दी है। संक्रमित मरीजों के लिए अलग परामर्श काउंटर, त्वरित जांच और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है, ताकि संक्रमण की श्रृंखला को समय रहते तोड़ा जा सके। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि प्राथमिक उपचार से ही अधिकांश मामलों में राहत मिल रही है। बीएमओ डॉ विजय ठाकुर ने कहा कि विकासखंड स्तर पर भी स्वास्थ्य तंत्र सक्रिय हो गया है। आसपास के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को दवाओं ▸▸ शेष पेज 14 पर

# जल जीवन मिशन की पाइप फूटी सड़कों पर पानी से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ लाटाबोड़

जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई पाइपलाइन में लापरवाही के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बालोद ब्लॉक के ग्राम खपरी में मुख्य सड़क से अंदर जाने वाले मार्ग पर पाइपलाइन जगह-जगह से लीक हो रही है, जिससे लगातार पानी सड़कों पर बह रहा है और कीचड़ की स्थिति बन गई है। पाइपलाइन लीकेज के कारण सड़क पर पानी भरने से फिसलन बढ़ गई है। इससे बाइक चालकों और पैदल राहगीरों को आवाजाही में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार पानी बहने से सड़क की स्थिति भी खराब होती जा रही है।

**2021 से चल रहा मरम्मत कार्य, फिर भी समस्या बरकरार-** ग्रामीण दुष्यंत साहू, गिरधारीराम साहू और बलराम निर्मलकर ने

### सड़क पर कीचड़, राहगीरों को हो रही परेशानी





बताया कि पाइपलाइन मरम्मत का कार्य वर्ष 2021 से चल रहा है, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। वहीं पानी टंकी के ऊपर जाने वाली सीढ़ियों की मरम्मत भी नहीं की गई है, जिससे वहां बड़े-बड़े गिट्टी दिखाई दे रहे हैं और दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

**ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप-** ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार को कई बार सूचना देने के बावजूद समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिम्मेदार विभाग के अधिकारी भी मौके पर निरीक्षण के लिए नहीं पहुंचते, जिससे परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है।

**पानी की बर्बादी के साथ हादसे का खतरा-**लीकेज के कारण एक ओर पानी की बर्बादी हो रही है, वहीं सड़क पर जमा पानी बाइक चालकों के लिए खतरा बन गया है। ग्रामीणों ने बताया कि ▸▸ शेष पेज 14 पर

# ठेकवाडीह-दुपचेरा मार्ग में दरारें, दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर

■ दो साल पहले बनी सड़क में पड़ी दरारें

ग्राम ठेकवाडीह से दुपचेरा मार्ग में जगह–जगह दरारें आ गई है, यह दरार लगाता बढ़ रही है व कई अन्य दरार उभरने लगी है। जिसके चलते आम लोगों को दुर्घटना होने की आशंका सता रही है, जहां कभी भी दुर्घटना कर सकती है।

आपको बता दें कि इस मार्ग का निर्माण 2 वर्ष पहले पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा 2 करोड़ की लागत से किया गया था। जो महज 1 वर्ष में ही दरार आने लगा था, जिसे विभाग द्वारा बीते साल डामर की परत डालकर छिपाने का प्रयास किया गया था, किंतु विभाग द्वारा सड़क निर्माण में की गई गुणवत्ताहीन निर्माण के चलते यह सड़क वर्ष भर नहीं टिक पाई, जिसका खामियाजा



आज ग्रामीण एवं राहगीरो को भुगतना पड़ रहा है। आपको बता दें कि निर्माण कार्य के दौरान कार्य की गुणवत्ता को ▸▸ शेष पेज 14 पर



## खबर संक्षेप

### वार्ड पंच से गाली-गलौज चार पर मामला दर्ज

**बालोद।** सीसीटीव्ही लगाने से नाराज लोगों ने पंच के सांथ गाली गलौज कर दिया। जिसके बाद वार्ड पंच ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है, जिसमे पुलिस ने धारा 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम दियाबाती निवासी वार्ड क्रमांक 20 पंच किरण साहू ने पुलिस को बताया कि हमारे गांव में ग्राम विकास समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया कि गांव में तीनों मोहल्ला में सीसीटीव्ही कैमरा लगवाना है जिस पर हम लोगों के द्वारा 2 मोहल्ले में सीसीटीव्ही कैमरा लगवा लिये है, तीसरा मोहल्ला में लगवाने के लिए ग्राम समिति अध्यक्ष भीखम लाल साहू, योगेन्द्र साहू, चोवाराम साहू कैमरा फिटिंग करने वालों को चयनित स्थान को दिखा रहे थे। उसी समय गांव के ही धनसाय साहू, खोमन साहू, आकाश साहू एवं मनहरण साहू चारो सीसीटीव्ही कैमरा नही लगाने देंगे कहते हुए धमकी देकर गाली गलौच किये है।

### सेमरिया में अहाता निर्माण के लिए 6 लाख स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा क्षेत्र साजा में विकास कार्य के लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। साजा विधानसभा क्षेत्र विधायक ईश्वर साहू द्वारा अनुशंसित इस कार्य के लिए 6 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्वीकृत राशि से विकासखंड धमधा के अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरिया में सेन भवन के पास अहाता निर्माण का कार्य कराया जाएगा।

### 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विभिन्न दुर्घटनाओं में असमय मृत्यु का शिकार हुए व्यक्तियों के परिजनों के लिए कुल 16 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है । प्राप्त जानकारी के अनुसार, अनुभाग दुर्ग के अंतर्गत ग्राम मतवारी निवासी पप्पू लाल चौधरी की 7 फरवरी 2025 को शिवनाथ नदी के महमरा एनीकेट में नहाते समय डूबने से , भिलाई-03 अनुभाग के ग्राम लिमतरा निवासी जगतराम यादव की 27 सितम्बर 2021 को गांव के डबरी तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई थी।

# दल्लीराजहरा में श्रद्धा और उल्लास से मनाई नवरात्रि, रामनवमी आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर अष्टमी का पर्व पूरे दल्लीराजहरा शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं, जहां श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के चरणों में शीश नवाकर सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। शहर का धार्मिक वातावरण पूरी तरह भक्तिमय नजर आया। अष्टमी के दिन विभिन्न मंदिरों में विधि-विधान के साथ विशेष पूजा-अर्चना, हवन और यज्ञ का आयोजन किया गया। पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन कुंड में आहुतियां दी गईं, जिससे वातावरण शुद्ध और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो उठा। श्रद्धालुओं ने नारियल, चुनरी, फल-फूल अर्पित कर माता रानी से परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की। इस अवसर पर कन्या पूजन (कंजक) का विशेष महत्व रहा। दल्लीराजहरा शहर के कई घरों और मंदिरों में छोटी कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानकर उनका पूजन किया गया। उन्हें भोजन कराया गया, चुनरी ओढ़ाई गई और दक्षिणा देकर आशीर्वाद लिया गया। भक्तों में इस परंपरा को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। नवरात्रि के दौरान अनेक श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर दुर्गा सप्तशती का पाठ किया और ज्योति कलश स्थापित कर नौ दिनों तक अखंड ज्योति प्रज्वलित रखी। अष्टमी के दिन इन अनुष्ठानों का विशेष समापन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

## मंदिरों में भजन-कीर्तन, उमड़ा श्रद्धालुओं का भीड़



### किया गया भंडारे का आयोजन



शहर के विभिन्न स्थानों पर भजन-कीर्तन, देवी जागरण और विशाल भंडारों का आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिरस में डूबा रहा। कई जगहों पर सामाजिक संगठनों और युवाओं ने सेवा भाव से व्यवस्थाएं संभालीं। अष्टमी पर्व ने एक बार फिर दल्लीराजहरा की सांस्कृतिक और धार्मिक एकता की मिसाल प्रस्तुत की, जहां सभी वर्गों के लोगों ने मिलकर मां दुर्गा की आराधना की और समाज में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

**मौसम :** प्रशासन ने किए हालात से निपटने के इंतजाम

# भीषण गर्मी को लेकर अलर्ट, दल्लीराजहरा में कूलिंग सेंटर और अतिरिक्त जल आपूर्ति शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

शहर में लगातार बढ़ते तापमान और तेज धूप के बीच जनजीवन प्रभावित होने लगा है। हालात को गंभीरता से लेते हुए दल्लीराजहरा नगर पालिका, स्थानीय नगर प्रशासक और स्वास्थ्य विभाग ने संयुक्त रूप से सख्त एडवाइजरी जारी कर राहत और बचाव के व्यापक इंतजाम शुरू कर दिए हैं। बढ़ती उमस और लू के खतरे को देखते हुए दल्लीराजहरा शहर में पब्लिक कूलिंग सेंटर, अतिरिक्त जल आपूर्ति और स्वास्थ्य निगरानी जैसी व्यवस्थाएं तेज कर दी गई हैं, जिससे आम नागरिकों को तत्काल राहत मिल सके। दल्लीराजहरा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी विजय ठाकुर ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए लोगों से अपील की है कि दोपहर के समय अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें और शरीर को हाइड्रेट रखना बेहद जरूरी है। एडवाइजरी में लू के लक्षण जैसे तेज प्यास, चक्कर, उल्टी, सांस लेने में परेशानी और अचानक कमजोरी को नजरअंदाज न करने की सलाह दी गई है। विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और बाहरी श्रमिकों के लिए अतिरिक्त सावधानी बरतने को कहा गया है।

नगर पालिका अध्यक्ष तोरण साहू ने सक्रियता दिखाते हुए शहर के प्रमुख बाजारों, बस स्टैंड और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पेयजल टैंकरों की संख्या बढ़ा दी है। साथ ही दो प्रमुख स्थानों पर सामुदायिक कूलिंग सेंटर शुरू किए गए हैं, जहां ठंडा वातावरण, पीने का पानी और प्राथमिक चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। प्रशासन ने निर्माण स्थलों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को निर्देशित किया है कि वे काम के समय में बदलाव करें और श्रमिकों के लिए छाया व विश्राम की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

स्थानीय नागरिक भी इस अभियान में बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहे हैं। शहर के एक व्यापारी दीपक कुमार जैन, निखिल कुमार, आकाश आकाश कुमार ने बताया कि उन्होंने अपनी दुकान के बाहर राहगीरों के लिए निःशुल्क ठंडे पानी की व्यवस्था शुरू की है। वहीं एक स्कूल संचालक ने जानकारी दी कि बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्कूल के समय में बदलाव और आउटडोर गतिविधियों को सीमित करने पर विचार किया जा रहा है। कृषि क्षेत्र में भी गर्मी का असर दिख रहा है, जिस पर किसानों ने काम के समय में बदलाव करते हुए सुबह और शाम के समय खेतों में कार्य करना शुरू कर दिया है। एक किसान ने बताया कि दोपहर की तेज धूप से बचाव के लिए सिंचाई और अन्य कार्यों का समय बदलना जरूरी हो गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं। जरूरत पड़ने पर मोबाइल मेडिकल टीमों की तैनाती और अस्पतालों में अतिरिक्त बेड व दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही शहर में इलेक्ट्रोलाइट्स और हाइड्रेशन किट पहुंचाने की योजना भी तेजी से लागू की जा रही है। दिनभर पर्याप्त पानी और इलेक्ट्रोलाइट युक्त पेय लें,दोपहर 12 से 4 बजे तक बाहर निकलने से बचें, हल्के, ढीले और सूती कपड़े पहनें,बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखें, किसी भी लक्षण पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।

### नागरिकों के लिए जरूरी सावधानियां



# दुधली में स्काउट गाइड ने शुरू किया प्याऊघर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में विकास खण्ड स्तरीय प्याऊ घर का शुभारंभ दुधली में किया गया। यह सेवा कार्य भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए आमजन को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया है। राज्य के निर्देशानुसार रामनवमी को प्याऊ घर प्रारंभ किया गया। इस आयोजन का मार्गदर्शन राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा, राज्य आयुक्त (रोवर) अशोक देशमुख, राज्य संगठन आयुक्त अमित कुमार क्षत्रिय, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त डॉ. पूनम साहू, जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव, जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी, जिला आयुक्त गाइड दुर्गेश नंदिनी यादव, जिला सहायक आयुक्त हिमांशु मिश्रा एवं जिला सचिव के. एल. गजेंद्र द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में डीओसी प्रेमलता चंद्राकर एवं नेमसिंह साहू, डीटीसी सीमा साहू एवं भुवन सिन्हा का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर दुधली के स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर सक्रिय रूप से सेवा कार्य में जुटे रहे। स्काउट मास्टर मिलन सिंन्हा, गाइड कैप्टन वर्षा रानी देवांगन, स्काउट मास्टर दुष्यन्त कोलियारे एवं शाला प्रबंधन समिति से मो. इशाक खान विशेष रूप से उपस्थित रहे।

सेवा कार्य में स्काउट-गाइड के सदस्य गुरुनारायण, प्रिंस, राजवीर, मानव, भूपेश, लीकेस, हर्षिता, स्वाती एवं काजल सहित अन्य सदस्यों ने उत्साहपूर्वक योगदान दिया। इस पहल से क्षेत्र के राहगीरों एवं आम नागरिकों को गर्मी से राहत मिलेगी तथा स्काउट-गाइड की सेवा भावना का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत हुआ है।

# देवी भागवत कथा के समापन पर आज हवन-पूजन के बाद भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

पावन ग्राम अरजपुरी स्थित शीतला तालाब मंदिर प्रांगण में प्रवाहित हो रही 'संगीतयम श्रीमद् देवीभागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ' की अलौकिक रसधार अपने चरमोत्कर्ष की ओर अग्रसर है। भगवती की असीम अनुकम्पा एवं पूर्वजों के पुण्य प्रताप से आयोजित इस आध्यात्मिक अनुष्ठान का भव्य समापन आज शुक्रवार, 27 मार्च को अत्यंत श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न होगा। इस नवदिवसीय ज्ञान यज्ञ के अंतिम सोपान पर कल के दिवस को पूर्णतः भक्तिमय स्वरूप प्रदान किया गया है। कार्यक्रम का विवरण

पूर्णाहुतिः यज्ञ की सविधि पूर्णाहुति के साथ ही इस आध्यात्मिक अनुष्ठान का विधिवत समापन होगा।

भंडारा पूर्णाहुति के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है, जिसमें सभी श्रद्धालु ईश्वरीय प्रसाद ग्रहण करेंगे। इस ज्ञान यज्ञ में कथा वाचक पं. बसंत प्रसाद तिवारी (डोंगरगढ़) के श्रीमुख से भक्तगण रसपान कर रहे हैं, वहीं पारायणकर्ता के रूप में पं. भूषण प्रसाद पांडे (अरजपुरी) अपनी सेवाएं दे रहे हैं। आयोजक समिति, समस्त ग्रामवासी अरजपुरी (डौंडीलोहारा) एवं विशेष सहयोगी मातृ शक्ति अरजपुरी द्वारा समस्त धर्मप्रेमी जनता एवं श्रद्धालु भक्तों से करबद्ध प्रार्थना है कि कल के इस पावन अवसर पर सपरिवार उपस्थित होकर मां की दिव्य बेल पत्र वर्षा का साक्षी बनें एवं महाप्रसाद ग्रहण कर अपने जीवन को कृतार्थ करें।





# आप ने की दिव्यांग मित्र विभाग बनाने की मांग ताकि टोल फ्री नंबर से मिले घर पहुंच सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- कलेक्टर सौंपा ज्ञापन बदलाव की कही बात

भिलाई नगर निगम में दिव्यांगजन के लिए अलग दिव्यांग मित्र विभाग बनाने की मांग उठी है। आम आदमी पार्टी के नेता जसप्रीत सिंह ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर निगम की कार्यप्रणाली में बदलाव की बात कही है।

जसप्रीत सिंह का कहना है कि दिव्यांगजनों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगवाने के बजाय प्रशासन को उनकी सुविधा के लिए घर तक सेवाएं पहुंचानी चाहिए। उन्होंने मांग की है कि नगर निगम के अंतर्गत एक स्वतंत्र दिव्यांग मित्र विभाग बनाया जाए, जो केवल दिव्यांगजनों की समस्याओं के समाधान के लिए जिम्मेदार हो। इसके साथ ही एक टोल फ्री नंबर जारी किया जाए, जिस पर कॉल करते ही दिव्यांगजनों को राशन कार्ड, पेंशन और ट्राई-साइकिल जैसी सुविधाएं घर पर ही उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि सर्वे और अन्य दस्तावेजी प्रक्रियाओं के लिए अधिकारी स्वयं दिव्यांगों के घर जाकर काम पूरा करें, ताकि उन्हें निगम कार्यालय तक न आना पड़े। प्रेस से चर्चा के दौरान जसप्रीत सिंह ने प्रशासन पर संवेदनहीनता का आरोप भी लगाया। उन्होंने बताया कि हाल ही में जोन-3 कार्यालय में एक 80 प्रतिशत दिव्यांग व्यक्ति बनवारी मेश्राम को अपनी पेंशन के लिए पुरानी सर्वे सूची खुद खोजने के लिए कहा गया, जबकि जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे थे। इस संबंध में ज्ञापन मुख्यमंत्री सचिवालय और नगर निगम आयुक्त को भी भेजा गया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान मेहरबान सिंह, धर्मेंद्र चौधरी, अविनाश, रऊफ अंसारी, हचरण सिंह, अमजद अली सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।



## नवजात को गहन चिकित्सा कक्ष में वेंटिलेटर सपोर्ट में रखा गया

# 50 दिनों की मशक्कत के बाद नवजात की बची जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- नवजात रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम से था पीड़ित

जिला अस्पताल में चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ ने नवजात शिशु को नया जीवन प्रदान करने में अहम योगदान दिया। अंजोरा निवासी ममता पति शेखर जांगड़े को 4 फरवरी को समयपूर्व नवजात शिशु का जन्म हुआ, जिसका वजन जन्म के समय मात्र 900 ग्राम था। शिशु की हालत बेहद गंभीर थी और उसे सांस लेने में गंभीर परेशानी हो रही थी।

चिकित्सकीय जांच में नवजात को रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम से पीड़ति पाया गया। स्थिति को देखते हुए उसे तत्काल विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई में भर्ती कर वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया। नवजात शिशु देखभाल इकाई इंचार्ज पीडियाट्रिशियन डॉ. वाई. किरण कुमार के नेतृत्व में शिशु के फेफड़ों में सर्फेक्टेंट थेरेपी दी गई, जिसमें डीएनबी रेजिडेंट डॉ. हेमंत सिंह ने सहयोग किया। पीआरबीसीएस (रक्त) चढ़ाया गया, आईव्ही एंटीबायोटिक्स सहित अन्य जरूरी दवाएं दी गईं। साथ ही नियमित आरओपी स्क्रीनिंग, पोषण प्रबंधन और निरंतर मॉनिटरिंग की गई। लगभग 50 दिनों तक चले गहन उपचार के बाद शिशु की स्थिति में लगातार सुधार हुआ। वर्तमान में शिशु पूरी तरह स्वस्थ है और उसका वजन बढ़कर 1.8 किलोग्राम हो गया है। चिकित्सकों ने संतोष व्यक्त करते हुए शिशु को अस्पताल से छुट्टी दे दी है।



### जिला में नवजात शिशुओं को देखरेख में तेजी से हो रहा सुधार

जिला अस्पताल में नवजात शिशुओं के इलाज और देखरेख में पहले से ज्यादा सुधार देखने को मिल रहा है। शिशु रोग विभाग के प्रमुख डॉ. आरके मल्होत्रा, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. हेमंत कुमार साहू, डॉ. वाई किरण कुमार, नवजात शिशु देखभाल इकाई मेडिकल ऑफिसर डॉ. आशीष साहू, डॉ. पूजा, डॉ. आलोक सहित नर्सिंग स्टाफ और सहयोगी कर्मचारियों द्वारा नियमित रूप से मॉनीटरिंग की जा रही है। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. आशीषन मिन्ज ने इस उपलब्धि पर पूरी टीम को बधाई दी है।

### बाल विवाह पर निगरानी के लिए टीम गठित

**दुर्ग।** रामनवमी, अक्षय तृतीया के अवसर पर शहरी व ग्रामीण स्तर पर अधिकतर भ्रांतियों के चलते बाल विवाह संपन्न कराया जाता है। जिले में बाल विवाह को पूर्णरूप से प्रतिबंधित करने जिला प्रशासन द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति, चाइल्ड लाइन की संयुक्त टीम गठित की गई है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम तहत 21 वर्ष से कम आयु के लड़के और 18 वर्ष से कम आयु की लड़की के विवाह को प्रतिबंधित करता है। 21 वर्ष से कम आयु का पुरूष यदि 18 वर्ष से कम आयु की किसी बालिका से विवाह करता है तो उसे 2 वर्ष तक के कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 01 लाख रुपए तक हो सकता है।

## पेज 13 के शेष...

### दल्लीराजहरा में रेड...

का पर्याप्त स्टॉक रखने और संदिग्ध मरीजों की तत्काल पहचान कर उपचार शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी जागरूकता फैलाने के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया गया है। शिक्षा क्षेत्र ने भी जिम्मेदारी दिखाते हुए सतर्कता बढ़ा दी है। कई स्कूलों ने अभिभावकों को निर्देश जारी कर दिए हैं कि बच्चों में लक्षण दिखने पर उन्हें स्कूल न भेजें। साथ ही साझा तौलिया, रुमाल या अन्य वस्तुओं के उपयोग से बचने की सलाह दी जा रही है। शिक्षकों का कहना है कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। अभिभावकों में भी जागरूकता बढ़ी है। कई परिवारों ने बच्चों की नियमित जांच शुरू कर दी है और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सार्वजनिक स्थानों पर मास्क का उपयोग, बार-बार हाथ धोना और आंखों को अनावश्यक छूने से बचना अब दैनिक आदत का हिस्सा बनता जा रहा है। स्थानीय फार्मासिस्टों ने बताया कि आई ड्रॉप्स और सलाइन की मांग में बढ़ोतरी हुई है, लेकिन उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि बिना डॉक्टर की सलाह के किसी भी दवा का उपयोग नुकसानदायक हो सकता है। सही इलाज और विशेषज्ञ की सलाह ही सुरक्षित विकल्प है। दल्लीराजहरा नगर क्षेत्र में स्वच्छता और जनजागरूकता को लेकर भी पहल तेज हो गई है। सार्वजनिक स्थानों बस स्टैंड, बाजार और भीड़भाड़ वाले इलाकों में साफ-सफाई और सैनिटाइजेशन बढ़ाने की तैयारी की जा रही है। सामाजिक संगठनों और स्वयंसेवकों ने भी लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाने का निर्णय लिया है।

**विशेषज्ञों की अपील सावधानियां जरूर अपनाएं-** आंखों को बार-बार न छुएं, हाथों को साबुन से नियमित धोएं, व्यक्तिगत तौलिया और तकिया अलग रखें, संक्रमित व्यक्ति से दूरी बनाए रखें, और किसी भी लक्षण के दिखते ही नेत्र परीक्षण कराएं। स्वास्थ्य विभाग, स्कूल प्रबंधन, सामाजिक संगठन और आम नागरिकों की संयुक्त पहल से यह संदेश साफ है कि समय रहते सावधानी बरतकर 'रेड आई' के संक्रमण को प्रभावी रूप से रोका जा सकता है। जागरूकता, स्वच्छता और त्वरित उपचार ही इस चुनौती से निपटने का सबसे मजबूत उपाय है।

### जल जीवन मिशन...

पाइपलाइन के जोड़ मजबूत नहीं किए गए और मिट्टी भराई का कार्य जल्दबाजी में किया गया, जिसके कारण जगह-जगह से पानी निकल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जल जीवन मिशन के कार्यों में गुणवत्ता की अनदेखी की गई है। काम पूरा होने के बाद संबंधित विभाग और ठेकेदार की टीम दोबारा निरीक्षण करने नहीं पहुंचती, जिससे समस्याएं लगातार बनी हुई हैं।

**सुधार नहीं हुआ तो करेंगे विरोध-** ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते पाइपलाइन की मरम्मत और सुधार नहीं किया गया तो वे सामूहिक रूप से जिला मुख्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।


### ठेकवाडीह-दुपचेरा...

लेकर प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया गया था, किंतु विभाग द्वारा इस पर ध्यान नही दिया गया। एक वर्ष पहले भी सड़क में जगह–जगह दरारों का समाचार प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था, किंतु विभाग द्वारा केवल डामर की परत डालकर अपनी खामियों को छुपाने का प्रयास किया गया। किंतु सड़क की स्थिति जस की तस बनी रह गई। जिनकी परेशानी आज ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। जिसके चलते ग्रामीणों में आक्रोश देखने को मिल रहा है। आपको बता दें कि मार्ग में पड़े दरारें तकरीबन 1 से 2 फीट की गहराई होगी, जिसमें दोपहिया वाहन के चक्के दरारों में चले जाने से दुर्घटना घट सकती है, ज्यादा परेशानी रात में होने की आशंका है, क्योंकि अंधेरों में सड़क नजर नहीं आने से सीधे चक्का के दरार में फंसने से दुर्घटना घट सकती है।

# पहाड़ी पर विराजमान मां महामाया का प्राचीन धाम, आस्था और प्राकृतिक सुंदरता का अद्भुत संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा से लगभग 22 किलोमीटर दूर स्थित महामाया गांव आस्था और भक्ति का प्रमुख केंद्र है। शांत और प्राकृतिक वातावरण के बीच ऊंची पहाड़ी पर विराजमान आदि शक्ति मां महामाया का यह प्राचीन मंदिर श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति का अद्भुत अनुभव कराता है। चारों ओर फैले लौह अयस्क के पहाड़ और पास ही बहता स्वच्छ, मीठा जल का झरना इस स्थान की सुंदरता को और बढ़ा देता है।



स्थानीय लोगों के अनुसार यह मंदिर अत्यंत प्राचीन है। गांव के बुजुर्ग बताते हैं कि वे नहीं जानते कि यह परंपरा कब से चली आ रही है, लेकिन पीढ़ी दर पीढ़ी मां महामाया की सेवा और पूजा-अर्चना होती आ रही है। लोककथाओं के अनुसार, एक समय सभी देवी-देवता एकत्रित हुए थे और सुबह होते ही वे जहां खड़े थे, वहीं पत्थर की मूर्तियों में परिवर्तित हो गए—जिनकी आज भी पूजा की जाती है। मंदिर परिसर में ऊंचाई पर मां महामाया के साथ भगवान शंकर, ब्रह्मा, विष्णु और महेश की प्रतिमाएं स्थापित हैं, वहीं नीचे भगवान गणेश की दक्षिणमुखी प्रतिमा विराजमान है। आसपास के 12 गांव—कुमुड़कट्टा, इमलीपारा, तूयेदंड, नलकसा, भीड़कापार, नारंगसुर, कोटागांव, ककरेल, बमहणी, महामाया और कुशवाड़ा मां महामाया को अपनी कुलदेवी मानते हैं। हर वर्ष दशहरा पर यहां धान की बाली चढ़ाने की परंपरा निभाई जाती है, जबकि शारदीय नवरात्रि की महाअष्टमी पर 12 गांवों के लोग एकत्र होकर ज्योति कलश विसर्जन करते हैं, जहां विशाल जनसमूह उमड़ता है। मां महामाया को डौंडी लोहारा राजघराने की कुलदेवी भी माना जाता है। कहा जाता है कि राजपरिवार हर शुभ अवसर पर यहां दर्शन के लिए अवश्य आता है। मंदिर में वर्ष 1972 से ज्योति कलश स्थापना की परंपरा जारी है। देश-विदेश से श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूर्ण होने की कामना लेकर यहां ज्योति कलश स्थापित करते हैं। मंदिर के मुख्य पुजारी बलराम कोर्राम हैं, जबकि सरजू रामसागर बैगा के रूप में सेवा दे रहे हैं।

भिलाई रिसाली निवासी कमल नारायण देवांगन ने बताया कि वे वर्ष 2013 से लगातार चैत्र नवरात्रि में यहां सेवा देने आते हैं। उन्होंने अपने जीवन में मां महामाया के चमत्कारों का अनुभव किया है, जिससे उनकी आस्था और भी गहरी हो गई है। यदि इस क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए, तो यहां की प्राकृतिक सुंदरता और धार्मिक महत्व के कारण यह एक प्रमुख आकर्षण बन सकता है। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे और क्षेत्र का समग्र विकास संभव हो सकेगा।

**12 गांवों की राजघराने की कुलदेवी मानी जाती हैं मां महामाया**





## खबर संक्षेप





### मोपेंद्र बने भाजपा जिला सोशल मीडिया संयोजक, शुभम सह संयोजक नियुक्त

**बालोद**। भाजपा ने अपने सोशल मीडिया प्रकोष्ठ मे युवा, सक्रिय और तकनीकी रूप से दक्ष कार्यकर्ताओं को नेतृत्व सौंपते हुए मोपेंद्र कुमार साहू को जिला सोशल मीडिया संयोजक एवं शुभम देवांगन को जिला सह संयोजक नियुक्त किया है। जिसके तहत पार्टी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से अपनी विचारधारा, सरकार की उपलब्धियों और जनहितकारी योजनाओं को तेजी, सटीकता और प्रभाव के साथ आम जनता तक पहुंचाना चाहती है। इस महत्वपूर्ण निर्णय को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक मितुल कोठारी, प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन एवं जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख के मार्गदर्शन एवं सहमति से अंतिम रूप दिया गया। जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया संगठन का सबसे सशक्त हथियार बन चुका है, जिसके माध्यम से सीधे जनता से संवाद स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि नई टीम भाजपा की नीतियों, केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों को तेज, प्रभावी और व्यापक स्तर पर जन–जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस नियुक्ति पर प्रमुख रूप से राकेश यादव, पुरशोत्तम चंद्राकर, टीनश्वर बघेल, भुनेश्वरी ठाकुर, राकेश छोटू यादव, हरीश कटझरे, दुष्यंत सोनवानी, अनूप देशमुख, देवेंद्र सिन्हा, श्रीकांत वर्मा, राहुल जैन, विवेक वैष्णव, राधेश्याम देवांगन, टूमन साहू, सौरभ जैन, थानसिंह मंडावी, कुलदीप साहू, शुभम देशमुख, देवेंद्र जोशी, कृष्णकांत साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया।

### थानसिंह बने भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ जिला बालोद के संयोजक

**बालोद/कलंगपुर**। थानसिंह मंडावी को भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ जिला बालोद का संयोजक बनाया गया है। उनकी सामाजिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक सक्रियता को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह एवं जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख व पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। इस नियुक्ति पर पर क्षेत्र के प्रमुख राजनेताओं, संहित सामाजिक एवं कला प्रेमियों जिसमे प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, पूर्व सांसद मोहन मंडावी, जिला अध्यक्ष देशमुख, पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू, राजेन्द्र राय, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, पूर्व जिला अध्यक्ष लेख राम साहू, ठाकुर राम चंद्राकर,तोमन साहू, अश्वनी यादव, दिनेश्वर बघेल, मंडल अध्यक्ष युवराज मार्कण्डेय, दुष्यंत सोनवानी, कुलदीप साहू, जनपद सदस्य गुलशन हिरवानी, कौशल किशोर साहू, अश्वनी कटघरे, प्रकाश सिन्हा, सौरभ चोपड़ा, मोपेंद्र साहू, लेख राम साहू, संजू चंद्राकर, हेमन्त साहू, श्रीकांत वर्मा, नेम लाल यादव, योगेश्वर साहू, कमल कांत साहू सहित वक्ताओं ने कहा कि थानसिंह मंडावी के सांस्कृतिक क्षेत्र में अनुभव और मार्गदर्शन से सांस्कृतिक क्षेत्र में समाज को एक नई दिशा मिलेगी।



**पहल : जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार, प्रमुख चौक-चौराहों पर आयोजन**

# नुक्कड़ नाटक से गूंजा 'टीबी मुक्त भारत' का संदेश, जागरूकता की अनूठी पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

शहर में स्वास्थ्य जागरूकता का एक प्रभावशाली दृश्य उस समय देखने को मिला, जब शहीद अस्पताल दल्ली राजहरा की टीम ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से क्षय रोग (टीबी) के प्रति जन-जन को जागरूक करने का अभियान चलाया। 24 मार्च को विश्व क्षय दिवस के अवसर पर शुरू हुआ यह विशेष अभियान 25 मार्च को शहर के प्रमुख चौराहों पर नाटक प्रस्तुतियों के साथ सम्पन्न हुआ, जिसने नागरिकों को गहराई से सोचने पर मजबूर कर दिया।

नुक्कड़ नाटक के जरिए कलाकारों ने समाज में फैली भ्रांतियों, डर और भेदभाव को बेहद सजीव ढंग से प्रस्तुत किया। नाटक में दिखाया गया कि टीबी से ग्रसित व्यक्ति को किस तरह सामाजिक उपेक्षा और मानसिक दबाव का सामना करना पड़ता है, जबकि जरूरत इस बात की है कि ऐसे मरीजों को सहानुभूति, सहयोग और सही इलाज मिले। संदेश स्पष्ट था टीबी एक गंभीर लेकिन पूरी तरह से इलाज योग्य बीमारी है, और समय पर उपचार से इसे हराया जा सकता है। अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैबाल जाना ने बताया कि टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए जागरूकता सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा मुफ्त दवाइयों की व्यवस्था के साथ-साथ मरीजों को पोषण आहार हेतु प्रतिमाह आर्थिक सहायता भी दी जा रही है, जिससे उपचार के दौरान उनकी सेहत बेहतर बनी रहे।

नाटक के निर्देशक डॉ. वेद ने बताया कि इस प्रस्तुति का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है। उन्होंने कहा कि जब तक गांव-गांव और शहर-शहर में लोग जागरूक नहीं होंगे, तब तक 'टीबी मुक्त भारत' का सपना अधूरा रहेगा।

स्थानीय नागरिकों ने भी इस पहल की सराहना की। बस स्टैंड क्षेत्र के एक व्यापारी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम लोगों की सोच बदलने में बेहद कारगर साबित होते हैं। वहीं एक महिला दर्शक ने बताया कि नाटक देखने के बाद उन्हें यह समझ आया कि टीबी मरीजों से दूरी बनाने के बजाय उनका हौसला बढ़ाना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान शहर के शहीद वीर नारायण सिंह चौक, शंकर गुहा नियोगी चौक और जैन भवन चौक जैसे प्रमुख स्थानों पर बड़ी संख्या में लोग जुटे और नाटक का अवलोकन किया। इस दौरान अस्पताल के चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने लोगों को टीबी के लक्षण, बचाव और इलाज की विस्तृत जानकारी भी दी।



**टीबी के खिलाफ लड़ाई जारी**

कार्यक्रम में डॉक्टर प्रिया, डॉ. प्रीति, डॉ. नमन, डॉ. टेसा, डॉ. ऋतिक, डॉ. दीपांकर, डॉ. उमेश सहित अस्पताल के अन्य स्वास्थ्यकर्मी सक्रिय रूप से शामिल रहे। साथ ही स्थानीय सहयोगियों और स्वयंसेवकों ने भी आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। समापन अवसर पर यह संदेश दिया गया कि टीबी सप्ताह भले समाप्त हो गया हो, लेकिन टीबी के खिलाफ लड़ाई अभी जारी है। समाज के हर वर्ग को एकजुट होकर इस बीमारी के खिलाफ जागरूकता फैलानी होगी, तभी एक स्वस्थ और टीबी मुक्त भारत का निर्माण संभव हो सकेगा।

# पचेड़ा में मुक्तिधाम पहुंच मार्ग सीसी रोड का हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता एवं डोंडी लोहारा नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम ने 25 मार्च को ग्राम पंचायत पचेड़ा में 19.50 लाख रुपये की लागत से बनने वाले मुक्तिधाम पहुंच मार्ग सीसी रोड निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया। इस दौरान ग्रामीणों और भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में विकास कार्य की शुरुआत की गई। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम ने कहा कि वे अपने क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए लगातार सरकार से मांग करते रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में चल रही ट्रिपल इंजन सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डोंडी लोहारा विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायतों की मांगों को लगातार सरकार तक पहुंचाया गया, जिसके परिणामस्वरूप लंबे समय से लंबित विकास कार्यों को स्वीकृति मिली है। उन्होंने कहा कि डोंडी ब्लॉक के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों को मंजूरी मिल चुकी है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा और लोगों को राहत मिलेगी। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हितेश कुमार डोंगरे ने कहा कि साय सरकार ने डोंडी लोहारा विधानसभा क्षेत्र को बड़ी सौगात दी है। ग्राम पंचायत पचेड़ा के ग्रामीणों की ओर से उन्होंने राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में विकास को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम में भाजपा मंडल महामंत्री महावीर ठाकुर, कुसुमकसा मंडल महामंत्री मितेन्द्र वैष्णव, वरिष्ठ भाजपा नेता रामनारायण धनकर, मंडल उपाध्यक्ष ज्ञानेश्वर प्रसाद साहू, वरिष्ठ नेता थानेश्वर यादव, भाजपा नेता राजु चिकवा, गोविन्द शर्मा, अंगद टेकाम, दिनुराम मानिकपुरी, मंगु राम गोयल, मोहन निषाद, आनंद कुमेटी, अमर सिंह कौर, सोनसिग गावड़े, राम प्रसाद निषाद, रामेश्वर गोयल, सदलु राम कुमेटी, दिनेश कुमार पटेल, महेंद्र कुमार कुमेटी, रामेश्वर निषाद, तिहारू राम यादव, अमरसिंह, महेंद्र भैसारे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नव नियुक्त पदाधिकारियों की परिचयात्मक बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डौंडीलोहारा में बुधवार को नव नियुक्त पदाधिकारियों की परिचयात्मक बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस अवसर पर क्षेत्र की विधायक अनिला भेड़िया एवं ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार प्रभाकर ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

बैठक में बूथ, पंचायत एवं वार्ड स्तर पर संगठन को मजबूत करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप ब्लॉक प्रभारी हरीश चंद्राकर, केशव शर्मा जिला उपाध्यक्ष, हस्तीमल सांखला, जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम, प्रदेश प्रतिनिधि अनिल लोढ़ा, पूर्व मंडी अध्यक्ष भोला राम देशमुख, विधायक प्रतिनिधि गोविंद चंद्राकर, पूर्व अध्यक्ष गोपाल प्रजापति,

जिला महामंत्री मेघनाथ साहू, जोन प्रभारी झुमुक लाल परसाई, दामेश्वर देशमुख, विकास लोढ़ा, मूलचंद शर्मा, नेतराम भांडेकर, दिलीप बघेल, लोकेश्वरी साहू, छबीला सिन्हा,कमलेश सिंह टांक एवं कांग्रेस के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। साथ ही विधायक अनिला भेड़िया एवं जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम के सौजन्य से कविता भंडारी बैहाकुंआ को बैटरी चलित साइकिल प्रदान की गई। यह बैठक संगठन को और मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

### वार्ड पंच से गाली-गलौज, चार पर मामला दर्ज

बालोद। सीसीटीव्ही लगाने से नाराज लोगों ने पंच के सांथ गाली गलौज कर दिया। जिसके बाद वार्ड पंच ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है, जिसमे पुलिस ने धारा 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।
ग्राम दियाबाती निवासी वार्ड क्रमांक 20 पंच किरण साहू ने पुलिस को बताया कि हमारे गांव में ग्राम विकास समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया कि गांव में तीनों मोहल्ला में सीसीटीव्ही कैमरा लगवाना है जिस पर हम लोगों के द्वारा 2 मोहल्ले में सीसीटीव्ही कैमरा लगवा लिये है, तीसरा मोहल्ला में लगवाने के लिए ग्राम समिति अध्यक्ष भीखम लाल साहू, योगेन्द्र साहू, चोवाराम साहू कैमरा फिटिंग करने वालों को चयनित स्थान को दिखा रहे थे। उसी समय गांव के ही धनसाय साहू, खोमन साहू, आकाश साहू एवं मनहरण साहू चारो सीसीटीव्ही कैमरा नही लगाने देंगे कहते हुए धमकी देकर गाली गलौच किये है।

# नीर योजना के तहत संबलपुर में रैली व सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला संबलपुर में नीर योजना के अंतर्गत जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु रैली एवं सफाई अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने "जल है तो कल है" तथा स्वच्छता से जुड़े नारों के माध्यम से ग्रामीणों को प्रेरित किया। रैली विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर बाजार चौक, बस स्टैंड होते हुए रायपुरा चौक तक निकाली गई। रैली में शामिल छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक नारे लगाते हुए आमजन को जल संरक्षण और स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्वच्छग्राही दल के सदस्यों द्वारा बाजार चौक, पोस्ट ऑफिस, यात्री प्रतीक्षालय एवं रायपुरा चौक में साफ-सफाई अभियान चलाया गया। साथ ही ग्रामीणों को जल की प्रत्येक बूंद के संरक्षण की आवश्यकता और स्वच्छ वातावरण के लाभों के बारे में विस्तार से समझाया गया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक वीणा ठाकुर, जनपद सदस्य टिकेश्वरी साहू, स्वच्छग्राही अध्यक्ष नीलम साहू, सचिव रेखा जोशी सहित जानकी बाई, ममता जोशी, ऊषा बाई, तुलसी, ललिता साहू, जंत्री साहू, चंद्रिका बाई, विराजो, दामिनी बाई, शिक्षक राबिन नागवंशी, सुनीता साहू, बसंती पीकेश्वर, दिव्या भारती सहित इको क्लब के सदस्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अनिल कुमार दिल्लीवार द्वारा किया गया।

# स्काउट-गाइड द्वारा डौंडी में प्याऊ सेवा शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

भारत स्काउट गाईड स्थानीय संघ डौंडी द्वारा आज दिनांक 26 मार्च 2026 को डौंडी नगर के मथाई चौक में प्याऊ सेवा कार्य स्काउट गाईड द्वारा शुरू किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी के आदेशानुसार, जिला संघ अध्यक्ष राकेश यादव जी सचिव के एल गजेन्द्र प्रेमलता चंद्राकार नेम सिंह साहू के निर्देशन, बीईओ के मार्गदर्शन में प्याऊ सेवा का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष मोहंतिन चौरका जनपद पंचायत अध्यक्ष मुकेश कौड़ो, उपाध्यक्ष संजीव मानकर, विकास खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार चतुर्वेदी के द्वारा किया गया। साथ ही नगर के गणमान्य नागरिक भजपा मंडल अध्यक्ष रूपेश नायक, दिनेश अग्रवाल, निलेश जायसवाल, छगन यदु की गरिमामय उपस्थिति में डौंडी ब्लॉक के सेजेस डौंडी, सेजेस नयाबाजार दल्लीरझरा, बालक शाला डौंडी, कुंवागोंदी, कांगला मांझी महाविद्यालय डौंडी, आमडुला के स्काउट गाईड और प्रभारियों के द्वारा प्याऊ सेवा कार्य किया का शुभारंभ किया गया। पानी की व्यवस्था कुन्ती भुआर्य के द्वारा किया गया है। स्काउट गाइड प्रभारी तनुजा बंजारे, सेवा राम प्रेमन, पुष्प लता गंजीर, अन्नपुर्णा ध्रुव, मेनका प्रधान। संकुल समन्वयक नीतेश चौरका की उपस्थिति रही। टिकेंद्र, राहुल गोराई, विकास कोठारी,रॉबिन, चमेली, डॉली, नेहा। यह सेवा गर्मी से राहत दिलाने में राहगीरों को मदद मिलती हैं।

## अमोरा में भागवत ज्ञान यज्ञ कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम अमोरा के धलनिया परिवार एवं ग्राम वासियों द्वारा मंगलमय संकल्प सिद्ध भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन किया गया है। जिसमे नंद उत्सव एवं माखन चोरी लीला की मंगलमय दिव्या झांकी हुई। पंडित भगवताचार्य ज्ञानेश्वर प्रसाद है। कथा वाचन कर रहे है। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर कथा का आनंद ले रहे है।











विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### छोटे भाई पर हंसिया से हमला, मामला दर्ज

**बालोद।** बड़े भाई ने छोटे भाई के सांथ गाली गलौज व मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने अपने भाई के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 118(1), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम मरदेल निवासी छन्नू ने पुलिस को बताया कि मैं और बडा भाई मिलकर दोनो बडे भाई के घर सब्जी बना रहे थे, तभी चर्चा में बडा भाई ने खेत की सुरक्षा के लिए जाली तार लाने और मैं पैसा दुंगा बोला। तब मैं बोला अभी धान बिक्री का पैसा मिलेगा उसे निकालकर पटा देना, तो बडा भाई जगदेव गावडे काफी आक्रोश में आकर हिस्सा बटवारा एवं खाता अलग करने की बात को लेकर मुझे गाली बोलते हुए पास में रखे हंसिया से मुझे मारने लगा, मैं किसी तरह से बीच बचाव किया, उसने दुबारा हमला कर मुझे हंसिया से मारपीट किया मारपीट से मेरा बाया सीना एवं दाहिना कमर के ऊपर चोट आकर खुन निकल गया।

### जेसीबी से बस टकराई टला बड़ा हादसा

**बालोद।** मार्ग पर अचानक जेसीबी आ जाने के कारण बस चालक को अचानक ब्रेक लगाना पड़ा, बस चालक की सूझ बूझ से कोई हताहत नही हुआ। जिसके बाद बस चालक ने जेसीबी चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम कलडबरी थाना डोंगरगांव जिला राजनांदगांव निवासी रूपेश ने पुलिस को बताया कि मैं बस क्रमांक सीजी 08 एम 0919 में सवारी लेकर डोंगरगांव से दल्लीराजहरा जा रहा था, सुबह करीबन 07:55 बजे पेट्रोल पंप डौण्डींलोहारा के पास पहुंचा था कि पेट्रोल पंप के पास जेसीबी सीजी 24 वी 7173 के चालक अपने जेसीबी वाहन को खतरनाक व लापरवाही पूर्वक चलाकर बीच सडक में ले आया जिससे मेरे बस का सामने भाग जेसीबी में टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया है।

### दो पक्षो में गाली गलौज व मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** पुराने मामले को लेकर दो पक्षो में गाली गलौज व मारपीट हो गई, जिसके बाद दोनो ही पक्ष ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है, जिसमे पुलिस ने विभिन्न धाराओ के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम परसाडीह (ज) निवासी पिताम्बर उर्वशा ने पुलिस को बताया कि मैं अपने घर के बाहर चौरा में अपने चचेरे भाई राजु उर्वशा के साथ बैठा था उसी समय गांव के जागेश श्रीवास मेरे घर के पास आकर मुझे पुर्व में झगडा विवाद की बात को लेकर शराब के नशे में मुझे गाली गलौज कर देख लेने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट किये जिससे मेरे सिर व पीठ में दर्द हो रहा है। झगडा विवाद देखकर मेरे चचेरे भाई राजु उर्वशा ने बीच बचाव किया तो उसे भी गाली गलौज कर धमकी देकर उसे भी हाथ मुक्का से मारपीट किया। जिससे उसे भी बायें गाल के पास एवं बाये घुटने के पास चोट आया है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम परसाडीह (ज) निवासी जागेश श्रीवास ने पुलिस को बताया कि रात्रि मैं अपने घर के सामने गली में खडा था, उसी समय मुझे पडोस के पिताम्बर उर्वशा व राजू उर्वशा दोनों हम लोगों को बिना कोई कारण के गाली गलौज कर रहे हो कहकर दोनों ने डण्डा व हाथ मुक्का् से मारपीट किया व देख लेने की धमकी दिये तथा दोनों ने गाली गलौज की।

**पर्व : वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ अनुष्ठान, गंगा मैया मंदिर मार्ग पर स्थित है मंदिर**

# मां दुर्गा मंदिर में हवन अनुष्ठान से भक्तिमय हुआ वातावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





जिला मुख्यालय स्थित मा दुर्गा मंदिर गंजपारा में विधि–विधान के साथ हवन अनुष्ठान का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में गंजपारा सहित आस पास के मोहल्लों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे मंदिर परिसर में मंत्रेच्चार, भजन–कीर्तन और घंटों की गूज से वातावरण पूटी तरह भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की पूजा–अर्चना कर अपने परिवार की सुख–समृद्धि, स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

हवन अनुष्ठान के दौरान विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रें के साथ पूजा संपन्न कराई गइएँ श्रद्धालुओं ने आहुति देकर धर्म लाभअर्जित किया और पूरे आयोजन में अनुशासन व आस्था का सुंदर संगम देखने को मिला। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की बड़ी भागीदाटी ने इस धार्मिक आयोजन को और भी भव्य बना दिया।

मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि इस स्थान का धार्मिक महत्व वर्षों पुराना है। लगभग 30 वर्षों तक यहा मां दुर्गा की प्रतिमा पंडाल में स्थापित कर पूजा–अर्चना की जाती रही। इसके बाद वर्ष 2013 में भव्य मंदिर का निर्माण कर मां दुर्गा की मूर्ति की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा की गई। तब से यह मंदिर क्षेत्र में आस्था का प्रमुख केंद्र बन गया है और लगातार यहां धार्मिक गतिविधिया संचालित होती रहती हैं।

नवरात्रि के दौरान इस मंदिर में विशेष पूजा–अर्चना, माता सेवा, जगराता, भजन–कीर्तन और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इन नौ दिनों में पूरा गंजपारा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूब जाता है और दूर–दूर से श्रद्धालु यहां पहुंचकर माता के दर्शन करते हैं।

गौरतलब है कि यह मंदिर द्वालमला स्थित गंगा मैया मंदिर जाने वाले मार्ग पर स्थित है, जिसके कारण नवरात्रि के नो दिनों तक यहां श्रद्धालुओं का लगातार आवागमन बना रहता है। गंगा मैया के दर्शन के लिए जाने वाले भक्त भी इस मंदिर में रुककर मां दुर्गा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

### अष्टमी पर देवी मंदिरों में हवन-पूजन



**बालोद।** जिले में गुरूवार को विभिन्न देवी मंदिरो में अष्टमी के अवसर पर हवन पूजन के साथ नवकन्या भोज का आयोजन किया गया। जिले के विभिन्न देवी मंदिरो में गुरूवार को सुबह से ही देवी मंदिरो में अष्टमी हवन की तैयारियां की जा रही थी इसी के तहत देवी मंदिरो में सुबह हवन कुंड तैयार करने के साथ अन्य तैयारी की गई थी जहां सुबह से दोपहर तक विभिन्न देवी मंदिरो में हवन पूजन का दौर जारी रहा। जहां डांग डोरी व गाजे बाजे के साथ स्थानीय बैगा मंदिर पहुंचे तथा देवी जसगीत के बीच देवी मंदिरो में हवन पूजन संपन्न हुआ। जहां दोपहर तक हवन पूजन होने के बाद देवी मंदिरो में नवकन्या भोज का आयोजन किया गया। जहां नौ कन्याओ के साथ एक नवयुवक को भैंरव के रूप में भोजन कराने के बाद उन्हे विधि विधान से नारियल, चुनरी व अन्य श्रृगारिक सामान प्रदान कर पूजा अर्चना की गई। इस दौरान सुबह से शाम तक जिले के विभिन्न देवी मंदिरो में माता के भक्त मंदिरो में पहुंचकर माता के दर्शन करने के साथ अष्टमी पर आयोजित विशेष हवन पूजन में सम्मिलित होकर माता से आर्शीवाद लेते दिखे। इस दौरान विभिन्न देवी मंदिरो में हवन पूजन व नवकन्या भोज के बाद विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया था जहां माता के दर्शन करने पहुंचने वाले भक्त प्रसादस्वरूप भंडारे का भी आनंद लेते दिखे।

### कंकालिन मंदिर कनेरी में अष्टमी हवन पूजन



गुरूर। कंकालिन मंदिर कनेरी में चैत्र नवरात्रि पर अष्टमी हवन पूजन किया गया। जिसमें जिसमें अधिक संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित होकर नवरात्र पर्व को सफल बनाएं। मंदिर समिति अनुसार मंदिर प्रांगण में शाम 4 बजे अष्टमी हवन पूजन किया गया तत्पश्चात नौ कन्या भोज कराया गया, मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई थी। मंदिर समिति संरक्षक रामेश्वर यादव, अध्यक्ष जनार्दन सिंन्हा, उपाध्यक्ष मोहन सिंन्हा, सचिव हरिश्चंद्र साहू, लक्ष्मी नारायण साहू, द्वारिका यादव ने बताया कि कंकालिन मंदिर में ज्योति कलश शोभा यात्र 27 मार्च दिन बुधवार को संध्या 4 बजे किया जाएगा।

### पीडब्ल्यूडी कॉलोनी में नवनिर्मित दुर्गा मंदिर में मूर्ति स्थापना



**बालोद।** पीडब्ल्यूडी कॉलोनी में नवनिर्मित दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा एवं शिव जी की मूर्ति की स्थापना पंडित प्रवीण तिवारी एवं पुजारी प्रदीप पांडे के द्वारा विधि विधान तथा मंत्र उच्चारण के साथ किया गया। इस दौरान नौ दिवसीय दुर्गा पाठ, अष्टमी हवन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समिति के सदस्यों मोदी गोयल, अश्विनी नायक, कविलाश देशमुख, प्रेम चंद्राकार, मानिक साहू, डोमन लाल साहू, मनोज चंद्राकर, डोमन लाल भूआर्य, नील कुमारी चंद्राकर, डाकेश्वरी साहू, सुषमा योगी, नीतू चंद्राकर एवं पीडब्ल्यूडी कॉलोनी सिंचाई कॉलोनी के सभी भक्तों के द्वारा तन, मन, धन से सहयोग करके पूर्व निर्मित मंदिर के बाई ओर नए मंदिर का निर्माण कर भगवान शिव जी तथा मां दुर्गा की स्थापना की गई। चैत्र नवरात्रि के अवसर पर मां के भक्तों द्वारा 21 ज्योति प्रज्वलित किया गया है। प्रतिदिन महिला सेवा मंडली कुंदरू पारा, शिकारीपारा माता सेवा का गान

## बुढ़ानपुर शीतला मंदिर में हवन अनुष्ठान, कलशों का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुंदा



तहसील के ग्राम पंचायत सिब्दी के आश्रित ग्राम बुढ़ानपुर में शीतला मंदिर में विधि–विधान के साथ हवन अनुष्ठान का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में ग्रामीणजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। शीतला मंदिर परिसर में मंत्रेच्चार, भजन कीर्तन और घंटों की गूंज से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने शीतला मईया की पूजा–अर्चना कर अपने परिवार की सुख–समृद्धि, स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। हवन अनुष्ठान के दौरान विद्वान पंडितों काशी दास वैष्णव द्वारा वैदिक मंत्रें के साथ पूजा संपन्न कराई गई। श्रद्धालुओं ने आहुति देकर धर्म लाभ अर्जित किया और पूरे आयोजन में अनुशासन व आस्था का सुंदर संगम देखने को मिला। नवरात्रि के दौरान इस मंदिर में विशेष पूजा–अर्चना, माता सेवा, जगराता, भजन–कीर्तन और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इन नौ दिनों में पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूब जाता है, इस चैत नवरात्रि में 15 ज्योति मनोकामना कलश प्रज्वलित किया गया है, शीतला मंदिर में प्रति वर्ष चैत्र नव रात्रि तथा क्वांर नवरात्रि में ज्योति कलश प्रज्वलित किया जाता है। ये रहे उपस्थित। ग्रामीण अध्यक्ष नोखे देशमुख, बैगा राम किशुन देशमुख, ताम्रध्वज देशमुख, राजेंद्र यादव, लेखा देशमुख, खूब लाल ठाकुर, हुमन देशमुख, सुखदेव ठाकुर, टीकम देशमुख, सुरेंद देशमुख, मुरली देशमुख, चंद्रिका देशमुख, नैमिष दास वैष्णव, भीष्म देशमुख, रोमनाथ ठाकुर, बाला देवांगन, युगल देशमुख, सुनील देशमुख, महिला समिति से सुमन देशमुख, दुर्गा ठाकुर, सरस्वती देशमुख, संतोषी ठाकुर, केवरा देशमुख, संध्या ठाकुर, सविता देशमुख, अनेश यादव एवं समस्त ग्रामवासियों की सक्रिय सहभागिता थी।



### चंडी मंदिर में विधायक संगीता सिन्हा ने क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की

गुरूर। संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र विधायक संगीता सिन्हा चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कंवर चंडी मंदिर, में पहुंचकर आस्था के महापर्व पर पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि की कामना की और क्षेत्रवासियों को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं बधाई दिए। इस अवसर पर विधायक जी के साथ उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी तामेश्वर साहू, उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस बालोद सुमित राजपूत, महामंत्री पूर्व जनपद उपाध्यक्ष तोषण साहू, हिमांशु, ग्राम पंचायत के महिला पंच रेणुका सिन्हा, प्रेमलता साहू, गोदावरी साहू, सरोज, महेन्द्र कोटेगले, गामीण सीता साहू, सुनीता पटेल, कुलेश पटेल, चित्ररसिंह साहू, मोहनीश सिन्हा, तुलसी निषाद, टिमन पटेल स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा आज

**जामगांव आर।** श्री राम मंदिर जामगांव आर में रामनवमी के पावन अवसर पर 27 मार्च शुक्रवार को श्री राम भगवान के दिव्य मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इसी तारतम्य में गुरुवार को भव्य शोभायात्रा शहर में निकली गई। कलश शोभा यात्रा में राम भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। शीतला मंदिर बस स्टैंड होते हुए राम भक्त भजन कीर्तन करते हुए गाजे बाजे के साथ नवनिर्मित श्री राम मंदिर पहुंचे, तत्पश्चात भक्तों ने भंडारा में सामूहिक भोजन प्रसाद ग्रहण किए। श्री राम मंदिर जामगांव आर के निर्माण कर्ता संदीप चंद्राकर ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का आयोजन रखा गया है। धर्म सभा में मुख्य वक्ता पार्टेश्वर धाम के संत श्री राम बालक दास महात्यागी होंगे।

## हिंदू नववर्ष पर निकाली कलश यात्रा, बच्चों ने संस्कृति संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



हिंदू नववर्ष और चैत्र नवरात्रि के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर और संत कबीर ज्ञान मंदिर खुंदनी के भैया बहनों ने देवदर्शन कर गांव के देवी देवताओं से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान बहने अपने घर से कलश सजाकर लायी। बच्चों ने अपने सिर पर कलश भगवान को रखकर सभी के लिए सुख समृद्धि की कामना करते हुए शोभा यात्रा निकाली।

कलश यात्रा गांव के मुख्य गलियों से होते हुए बजरंग बली मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर और सांहड़ा देव में पूजा पाठ किया। सभी भैया बहन भगवान श्री राम, बजरंग बली, जय शिवाजी –जय भवानी, भारत माता की जयजयकार करते हुए नव वर्ष की मंगल कामनाएं की। ग्रामीणों ने कलश यात्रा के समय दुर्गा माता, श्री राम, भैया लक्ष्मण, माता सीता और श्री हनुमान जी के वेषभूषा मे सजे भैया बहनों का पूजा अर्चना कर चंरण वंदन करके श्रीफल भेंट करके आशीर्वाद लिए। बहन मानसी मां दुर्गा, भैया कुशांक श्री राम जी, भैया धावेन्द्र लक्ष्मण, भैया दक्ष तथा यश महाबली हनुमान जी के वेषभूषा में आकर्षणक एवं वास्तविक भगवान लग रहे थे। बहन दिशा, खुशी, साधना, धारणी, मेघा, योग्या, कोणाक्षी, टुमेश्वरी, घनिका वशिंका, टुवांजली, याश्री, नव्या, रश्मि एवं बहन पलक ने मिट्टी से बने कलश को सिर पर रखा जिस पर आम के पत्तों के साथ चांवल से भरे मलवा जिस पर जलता हुआ दीपक बहुत ही सुंदर लग रहा था। कलश यात्रा पुरानी बस्ती से होते हुए खारून नदी के पावन तट पर बसे शीतला माता मंदिर के प्रांगण में पहुंचा। शीतला माता मंदिर के पुजारी कृष्णा यादव ने कलश में पानी लाए और कलश यात्रा में शामिल देवी देवताओं और सभी भैया बहनों का स्वागत कर बैठने के लिए आसन प्रदान किया। भैया बहनों ने माता शीतला का पूजा पाठ कर श्रीफल चढ़ाए। भगवान शिव जी को जल चढ़ाए। बच्चों ने शीतला माता मंदिर के प्रांगण में खप्पर वाली माता, दंन्ते श्री माता, ठाकुर देव, तुलसी माता, हवन कुंड और बेल वृक्ष में शीश झुकाए। प्रांगण में स्थित सैकड़ों वर्ष पुराने पीपल वृक्ष का दर्शन कर आशीर्वाद ग्रहण किए। भैया बहनों ने सुख समृद्धि और शांति के लिए जलाए जोत और जवांरा का दर्शन कर मंगलकामना का आशीर्वाद लिए। शीतला मंदिर मे श्रध्दालु माताएं चांवल–दाल चढ़ाने एवं पूजा पाठ के लिए बड़ी संख्या मे उपस्थित थी। प्रधानाचार्य नेताम दीदी ने कहा की भैया बहनों ने गांव समाज और देश की संस्कृति बचाने का कार्य किया है। बच्चे इस प्रकार का कार्य प्रतिवर्ष करते आ रहे है। इतनी गमएँ में पद यात्रा करना वीर बालकों की पहचान है। ये ही बच्चे वीर शिवाजी, राणा प्रताप और श्रीराम लक्ष्मण जैसे बनेगें। हम सभी जिस देश की मिट्टी, हवा और जल का उपयोग कर रहे है उस देश की संस्कृति, सभ्यता को बचाना इन बच्चों के साथ–साथ हम सभी का भी कर्तव्य है।

### डोकला में एक दिनी डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता

गुरूर। ग्राम डोकला में युवा संगठन एवं ग्राम वासियों के सहयोग से 28 मार्च शनिवार को एक दिवसीय डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रथम पुरस्कार 10000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 7000, तृतीय पुरस्कार 5000 एवं चतुर्थ पुरस्कार 3000 रुपये रखा गया है। उक्त जानकारी समिति के अध्यक्ष खिलेंद्र तेंदुलकर द्वारा दिया गया।


तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव 31 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर



तीन दशकों से अधिक समय से अनेकों गांवो के जैन समाज सदस्य परिक्षेत्रीय समिति गठित कर बारी बारी से भगवान महावीर जन्मोत्सव बड़ी धूम धाम से मनाते है। विशेष उल्लेखनीय है किसी गांव में एक घर का जैन सदस्य भी अपने गांव में भगवान महावीर जन्मोत्सव मनाने का अवसर लाभ प्राप्त कर लेता है और इसमें समिति ग्रामों के सभी सदस्य उस नियत ग्राम के आयोजन में भाग लेकर आयोजन को भव्यता प्रदान करते है। इस बार भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव 31 मार्च को आयोजित करने का लाभ जामगांव आर को मिला है। भगवान महावीर जन्म कल्याणक परिक्षेत्रीय समिति में जामगांव आर, रानीतराई, ओदरागहन, सुरपा, बेलहारी, बटरेल के जैन श्री संघ सदस्य शामिल है। परिक्षेत्रीय समिति परिवार रानीतराई जैन श्री संघ की महिलाएं हाथ जोड़ आमंत्रण करती हुई।महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव मंचीय समारोह में अतिथि मंच पर योग पद्धति दंत चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ श्रेणिक नाहटा दुर्ग, हास्य कवि राधेलाल लोढ़ा दुर्ग, प्रखर वक्ता सुरेश बाफना गुण्डरदेही मंचासिन होंगे। संचालन श्वेता मनीष बैद, किंजल शीतल बैद ग्रुप करेंगे। संपूर्ण कार्यक्रम का कुशल निर्देशन



अध्यक्ष मनीष बैद, कोषाध्यक्ष आशीष कोचर, करेंगे। रानीतराई, ओदरागहन, सुरपा, बेलहारी, बटरेल, जामगांव आर जैन श्री संघ के युवा महिलाएं पुरुष बच्चे सभी अपनी प्रतिभा का रोचक प्रदर्शन कर प्रस्तुतियां देंगे। भखारा राल जैन समाज अध्यक्ष और महावीर जन्म कल्याणक परिक्षेत्रीय समिति के सदस्य गौतम चंद चौरडिया ने बताया कि बेलहारी सुरपा बटरेल में मात्र एक एक घर के जैन समाज का परिवार है, लेकिन सभी जगह बड़ी भव्यता के साथ महावीर जयंती अतीत में मनाए जा चुके है और बारी आने पर भविष्य में भी बड़ी उत्साह के साथ मनाते रहेंगे। तीन दशकों से अधिक समय से होने वाले आयोजन के बारे में चौरडिया ने कहा कि धन सम्पन्नता के साथ विचार संपन्नता सामंजस सम्पन्नता साथ रहती है तब आयोजन दीर्घायु होती है। समाज परिवारों का समूह परिवार है जिसमें तरह तरह के विचार वाले और पीढ़ियों का वैचारिक परिवर्तन में धैर्यता के साथ ताल मेल बैठाने की आवश्यकता महत्वपूर्ण होती है। लेकिन अच्छी बात यह होती है कि सबकी –ष्टि समाज विकास के लिए मंथन करती है और आपस में आदर सम्मान स्नेह के साथ मेल मिलाप करते है।अपनी बात बेबाकी से रखते किंतु आपसी टकराव से दूर रहते है।

